# शैक्षिक समाचार
# राजस्थान

# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा दौसा

क्रमांक जिशिअ–प्रारं./दौसा/एमडीएम/2017–18/ 1425-32 दिनांक 29 .08.2017

ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी
पंचायत समिति दौसा/लालसोट/
सिकराय/बांदीकुई/महवा/लवाण।

विषयः– मिड डे मील योजनान्तर्गत विद्यालय में मिड डे मील प्रभारी बदलने बाबत।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि श्रीमान आयुक्त मिड डे मील जयपुर एवं श्रीमान जिला कलक्टर दौसा के निर्देशो की पालना में मिड डे मील योजनान्तर्गत विद्यालयों में दोपहर के भोजन व्यवस्था में लगाये जाने वाले मिड डे मील कार्मिक/प्रभारी हेतु अब बदलाव किया गया है। निर्देश दिये जाते है कि भविष्य में (तुरन्त प्रभाव से)विद्यालय सत्र अनुसार प्रभारी बदले जावें अर्थात लगातार एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए भी एक कार्मिक को मिड डे मील कार्य का प्रभारी नहीं बनाया जावें। इसके लिए एक पंजिका (रजिस्टर) संधारित की जावे जिसमें शैक्षणिक सत्र अनुसार मिड डे मील कार्यभार का **Hand over/takan over** का संधारण हो। आदेश की तुरन्त पालना करते हुए नये प्रभारी का नाम, पद, सम्पर्क नम्बर से सम्बन्धित सूचना पोर्टल पर परिवर्तित करना सुनिश्चित की जावें।

(हस्ताक्षर) 29/8/17
जिला शिक्षा अधिकारी
प्रारंभिक शिक्षा दौसा

क्रमांक जिशिअ–प्रारं./दौसा/एमडीएम/2017–18/ 1425-32
दिनांक 29-8-17

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. श्रीमान निदेशक, ( मिड डे मील ) नवजीवन सहकारी बाजार (उपहार) प्रथम तल, भवानीसिंह मार्ग, सी. स्कीम, जयपुर (राज.)
2. श्रीमान जिला कलक्टर महोदय दौसा।
3. जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा दौसा।

शिक्षक समाचार राजस्थान

(हस्ताक्षर) 29/8/17
जिला शिक्षा अधिकारी
प्रारंभिक शिक्षा दौसा

शैक्षिक समाचार

# हर साल बदलेगा पोषाहार प्रभारी मिड डे मील का होगा अलग खाता

## अन्नपूर्णा दूध योजना अगले माह से, समस्त बीईईओ-पीईईओ को तैयारियों के निर्देश

एजुकेशन रिपोर्टर | बीकानेर

राज्य के सरकारी स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद मंगलवार से वापस शिक्षण कार्य शुरू हो गया है।

वहीं अगले माह दो जुलाई से कक्षा एक से 8वीं के बच्चों को पोषाहार के साथ सप्ताह में तीन दिन दूध भी उपलब्ध करवाया जाएगा। अन्नपूर्णा दूध योजना को लेकर डीईओ प्रारंभिक और डीईओ माध्यमिक के संयुक्त तत्वावधान में समस्त बीईईओ और पीईईओ की वीसी आयोजित की गई। डीईओ ने समस्त बीईईओ और पीईईओ को योजना की शतप्रतिशत क्रियान्विति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए है। डीईओ ने बताया कि समस्त संस्था प्रधानों को एक प्रपत्र उपलब्ध करवाया गया है जिसमें पोषाहार से संबंधित सूचना भरकर 21 जून तक डीईओ प्रारंभिक की पोषाहार शाखा में जमा करा करवाना होगा। वहीं डीईओ प्रारंभिक उमाशंकर किराडू ने बताया कि अब हर साल पोषाहार प्रभारी बदला जाएगा। इसके अलावा मिड डे मील का खाता भी अलग से खुलवाना होगा। 2 जुलाई को अभिभावक शिक्षक बैठक के साथ ही सरपंच, जनप्रतिनिधि एवं भामाशाह को भी बैठक में शामिल करने के निर्देश दिए है।

हो। नेल पॉलिश नही लगी हो। स्वच्छ पोशाक हो। इस हेतु संस्था प्रधान एवं मिड डे मील प्रभारियों द्वारा कुक कम हेल्पर्स को एप्रिन एवं केप उपलब्ध कराई जाए। ताकि बाल सब्जी एव रोटी में न गिरे। वर्ष में एक बार बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ–साथ कुक कम हेल्पर्स का भी स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक है।

14. विद्यालय में भोजन तैयार करते समय मिड डे मील प्रभारी या संस्था प्रधान द्वारा निश्चित रूप से निरीक्षण किया जाना चाहिए। ताकि कोई जीव जन्तु या गन्दगी से बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड न हो। यदि मिड डे मील प्रभारी प्रधानाध्यापक है तो किसी अन्य अध्यापक को प्रभारी बनाया जावे यदि किसी विद्यालय में एक ही अध्यापक है तो वह स्वयं प्रभारी होगा।

15. खाद्य कच्ची सामग्री [illegible]

शैक्षिक समाचार राजस्थान

## मिड-डे मील में तृतीय श्रेणी शिक्षक ही होगा प्रभारी

# शिक्षण सत्र बदलने के साथ ही हर वर्ष बदलेंगे स्कूलों के पोषाहार प्रभारी

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

**झालावाड़.** सरकारी स्कूलों में बच्चों को मिड-डे मील योजना के तहत परोसे जाने वाले पोषाहार का प्रभार अब एक ही शिक्षक के पास नहीं रहेगा। हर साल शिक्षण सत्र बदलने के साथ ही पोषाहार प्रभारी को भी बदला जाएगा। अब प्रभारी तृतीय श्रेणी के शिक्षक ही होंगे।

राज्य मिड-डे मिल आयुक्त ने हाल ही जिला शिक्षा अधिकारियों को उनके अधीनस्थ स्कूलों के संस्था प्रधानों को इसकी पालना करने के निर्देश दिए हैं। पोषाहार प्रभारी बनाए जाने व बदलने के लिए संस्था प्रधानों को रिकॉर्ड भी रखना होगा। इसमें प्रतिवर्ष प्रभारी रहे शिक्षकों का लेखा होगा। कब-कब कौनसे शिक्षक प्रभारी रहे किस के पास मिड-डे मील का चार्ज रहा है।



### इसी सत्र से

निदेशालय के आदेशों में इसी सत्र से प्रभारियों की बदली कर संबंधित शिक्षक को इसकी सूचना देनी होगी। आयुक्त के निर्देशों की पालना में जिला शिक्षा अधिकारियों ने संस्था प्रधानों को इसकी पालना के आदेश भी जारी कर दिए हैं।

राजकीय स्कूलों में पोषाहार चल रहा है। उनमें प्रभारियों को बदलने के आदेश आ चुके हैं। इसी सत्र से प्रभारी बदले जाएंगे।

**हरिशंकर शर्मा,** अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक, झालावाड़

### इसलिए किया गया है बदलाव

लम्बे समय से एक ही शिक्षक के पास जिम्मेदारी होने से वह इसे बोझ समझने लग गए। वहीं दूसरे शिक्षक लेने से मना कर रहे थे। कई स्कूलों में संस्था प्रधानों के पास प्रभार होने से उन्हें प्रशासनिक कार्य करने में परेशानी आ रही थी। इसके चलते ऐसा किया गया है।

चतुर्वेदी व एसआईजी बाला सहाय मौजूद थे। कमांडेंट को उज्ज्व

# स्कूलों में हर साल बदलेगा पोषाहार प्रभारी

**बीकानेर।** सरकारी स्कूलों में बच्चों को मिड-डे मील योजना के तहत परोसे जाने वाले पोषाहार का प्रभाव अब एक ही शिक्षक के पास नहीं रहेगा। हर साल शिक्षण सत्र बदलने के साथ ही पोषाहार प्रभारी को भी बदला जाएगा। अब प्रभारी तृतीय श्रेणी के शिक्षक ही होंगे। राज्य मिड-डे मिल आयुक्त ने हाल ही जिला शिक्षा अधिकारियों को उनके अधीनस्थ स्कूलों के संस्था प्रधानों को इसकी पालना करने के निर्देश दिए हैं। पोषाहार प्रभारी बनाए जाने बदलने के लिए संस्था प्रधानों को रिकॉर्ड भी रखना होगा। इसमें प्रतिवर्ष प्रभारी रहे शिक्षकों का लेखा होगा। कब-कब कौनसे शिक्षक प्रभारी रहे किस के पास मिड-डे मील का चार्ज रहा है। निदेशालय के आदेशों में इसी सत्र से प्रभारियों की बदली कर संबंधित शिक्षक को इसकी सूचना देनी होगी। आयुक्त के निर्देशों की पालना में जिला शिक्षा अधिकारियों ने संस्था प्रधानों को इसकी पालना के आदेश भी जारी कर दिए है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ल बे समय से एक ही शिक्षक के पास जिम्मेदारी होने से वह इसे बोझ समझने लग गए थे। वहीं दूसरे शिक्षक मिड डे मील का प्रभार लेने से मना करते रहते है।

# (मुख्यालय) प्रारम्भिक शिक्षा बाँसवाड़ा

**(Mid-Day-Meal Scheme)**

केन्द्रीय विद्यालय के पास, उदयपुर रोड जिला – बांसवाड़ा Email- mdmbanswara@gmail.com 02962-250052, 234399

क्रमांक: जिशिअ / मु0प्रा0शि0 / एम–डी–एम / 2019–20 / 212-14      दिनांक:–
9/5/19

**मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (समस्त)**
**जिला बांसवाड़ा।**

विषय :–विद्यालयों में वर्तमान कार्यरत प्रभारियों को बदलने बाबत्।

प्रसंग :–जिला स्तरीय मासिक बैठक दिनांक 8.5.2019 में लिए गये निर्णय अनुसार।

उपरोक्त विषय एवं प्रसंग में लेख है, कि मिड–डे मील कार्यक्रम एवं अन्नपूर्णा दूध योजना, राष्ट्रीयकृत योजना की श्रेणी में आते है एवं सभी कर्मचारियों को सहयोग दिया जाना आवश्यक है एवं श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय ने जिला स्तरीय मासिक बैठक दिनांक 08.05.2019 में निर्देश दिए गये है कि सत्र 2019–20 में विद्यालयों में वर्तमान एमडीएम एवं अन्नपूर्णा दूध योजना प्रभारियों को बदले जाने हेतु निर्देश दिए गये है। जिसकी पालना प्रत्येक विद्यालय स्तर पर की जानी है।

अतः बैठक में लिए गये निर्णय की पालना प्रत्येक विद्यालय स्तर पर करना सुनिश्चित करें।

जिला शिक्षा अधिकारी
मु0प्रारम्भिक शिक्षा बाँसवाड़ा

प्रतिलिपि:–

1. श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय, बांसवाडा।
2. श्रीमान् मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा अभियान, बांसवाडा।
3. श्रीमान् मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, मा0शि0 बांसवाड़ा।
4. समस्त पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी (PEEO), जिला बांसवाडा को भेजकर लेख है कि आपके अधिनस्थ विद्यालयों मे दिए गये निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावें।
5. कार्यालय प्रति।

शैक्षिक समाचार राजस्थान

जिला शिक्षा अधिकारी
मु0प्रारम्भिक शिक्षा बाँसवाड़ा